पाठ 33　アンナさんにあげます
आन्ना-सान् नि आगेमासु

健太	これは、僕が富士山で撮った写真です。	यह, वह तस्वीर है जो मैंने फ़ुजि पर्वत पर खींची थी।
केन्ता	कोरे वा, बोकु गा फ़ुजिसान् दे तोत्ता शाशिन् देसु।	
アンナ	あっ、私だ。	अरे, यह तो मैं हूँ।
आन्ना	आ, वाताशि दा।	
健太	驚いた？あとで、アンナさんにあげます。	हैरान हो गई?
केन्ता	ओदोरोइता?	बाद में, यह आपको दे दूँगा।
	आतोदे, आन्ना-सान् नि आगेमासु।	
アンナ	写真をくれるんですか。うれしいです。	तस्वीर मुझे देंगे? खुशी हुई।
आन्ना	शाशिन् ओ कुरेरु न् देसु का? उरेशिइ देसु।	

व्याकरण सीखें

① आगेमासु

- जब बोलने वाला, सुनने वाले को कुछ देता है तो वह क्रिया **आगेमासु** (देना) का इस्तेमाल करता है।
  क्रिया **आगेमासु** का इस्तेमाल तब भी होता है, जब कोई अन्य व्यक्ति किसी को कुछ दे रहा हो।

② कुरेमासु

- जब कोई, बोलने वाले को कुछ दे, तो क्रिया **कुरेमासु** (देना) का इस्तेमाल होता है।
- जापानी भाषा में, देने की क्रिया का चयन इस बात पर निर्भर करता है कि वाक्य देने वाले के नज़रिये से बोला जा रहा है या पाने वाले के।

कुरेमासु
⇒ कुरेमाशिता (भूतकाल रूप)
⇒ कुरेरु (मूल रूप)

शब्दों की पोटली

निकोनिको

यह शब्द बताता है कि कोई चुपचाप, ख़ुशी से मुस्कुरा रहा है।

नियानिया



यह शब्द बताता है कि किसी के चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहट है।

Created by NHK WORLD © ver. April 2015